कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहपुर

प्रेस- नोट, जनपद फतेहपुर

दिनांक 28.05.2026

थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा भैंस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में संलिप्त 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 02 राशि भैस बरामद।

घटना का संक्षिप्त विवरणः- दिनांक 21.05.2026 को वादी श्री महेन्द्र सिंह पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम पतरिया थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर द्वारा थाना हुसैनगंज पर तहरीरी सूचना दी गयी, जिसमें बताया गया कि दिनांक 21.05.2026 की रात्रि लगभग 01:00 बजे अज्ञात चोरों द्वारा वादी के घर के बाहर पेड के नीचे बँधी दो भैंसों को चोरी कर ले गये। उक्त तहरीर के आधार पर थाना हुसैनगंज पर मु0अ0सं0 104/2026 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी का विवरणः- श्री अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर के पर्यवेक्षण तथा पुलिस उपाधीक्षक नगर के कुशल नेतृत्व में पंजीकृत उपरोक्त अभियोग मु0अ0सं0 104/26 धारा 303(2) बीएनएस की विवेचनात्मक कार्यवाही एवं प्रभावी पतारसी सुरागरसी के परिणाम स्वरुप मुखबिर की सूचना पर दिनांक- 27.05.2026 को थाना हुसैनगंज पुलिस द्वार थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत पनी पूर्वी मोहल्ला मुराइनटोला से अभियुक्त 01. हफीज पुत्र अब्दुल गफ्फुर उर्फ गफ्फु निवासी पनी पूर्वी मोहल्ला मुराइनटोला थाना कोतवाली फतेहपुर उम्र करीब 58 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से थाना हुसैनगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 104/26 धारा 303(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 भैंस बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी है। गिरफ्तार अभियुक्त को आज दिनांक 28.05.2026 को मा० न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तारशुदा अभियुक्त हफीज पुत्र अब्दुल गफ्फुर उर्फ गफ्फु निवासी पनी पूर्वी मोहल्ला मुराइनटोला थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर, उम्र करीब 58 वर्ष, से नियमानुसार पूछताछ की गयी। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना कारित की थी। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उक्त घटना में उसके साथ निम्न व्यक्ति सम्मिलित थे— 1.कौशल पुत्र इन्दलिया निवासी मल्केगांव थाना सरेनी जनपद रायबरेली, 2. आशू पुत्र इन्दलिया निवासी मल्केगांव थाना सरेनी जनपद रायबरेली, 3. चाँद पुत्र सफीक निवासी ग्राम सनगांव थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर, 4. इरशाद पुत्र इसाक निवासी ग्राम रेड्डइया आबूनगर थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर, 5. नूर आलम पुत्र मेराजुद्दीन निवासी ग्राम रेड्डइया आबूनगर थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर। अभियुक्त हफीज ने बताया कि उपरोक्त सभी व्यक्तियों ने मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी की गई भैंश को अभियुक्त नूर आलम की पिकअप वाहन संख्या UP41AT7837 में लादकर मौके से ले जाया गया था, जिसे अभियुक्त इरशाद चला रहा था। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि घटना में सभी अभियुक्तों की सक्रिय सहभागिता रही है। थाना हुसैनगंज पुलिस द्वारा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताः-

01. हफीज पुत्र अब्दुल गफ्फुर उर्फ गफ्फु निवासी पनी पूर्वी मोहल्ला मुराइनटोला थाना कोतवाली फतेहपुर उम्र करीब 58 वर्ष।

गिरफ्तार अभियुक्त हफीज उपरोक्त का आपराधिक इतिहास-

01. मु0अ0सं0 108/2016 धारा 3/5क(1)/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11क पशु क्रूरता अधिनियम थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।

02. मु0अ0सं0 258/2016 धारा 3/5क(1)/8 गोवध निवारण अधिनियम व धारा 11(क) पशु क्रूरता अधिनियम थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।

03. मु0अ0सं0 304/2016 धारा 3/5क(1)/8 उ0प्र0 गोवध निवारण अधि0 1955 एवं धारा 11(क) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधि0 1960 थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर।

04. मु0अ0सं0 547/2018 धारा 353 भादवि थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर

05. मु0अ0सं0 98/2019 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर

06. मु0अ0सं0 261/2003 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम , धारा 3/11/38 पशु क्रूरता अधिनियम थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर

07. मु0अ0सं0 296/2003 धारा 2/3 गैंगेस्टर एक्ट थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर

08. मु0अ0सं0 626/2009 धारा 25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद फतेहपुर

09. मु0अ0सं0 398/2008 धारा 3/5/8 गौहत्या निवारण अधिनियम धारा 147/148/149/153/307/332/353 भादवि थाना मलवां जनपद फतेहपुर।

बरामदगी का विवरणः-

1. 02 राशि भैंस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. व0उ0नि0 श्री बुद्धिमान सिंह थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर
2. उ0नि0 श्री अनीश कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी असनी थाना हुसैनगंज जनपद फतेहपुर
3. हे0कां0 शारदा प्रसाद शुक्ला
4. कां0 फूलचन्द्र
5. कां0 जितेन्द्र सिंह यादव
6. कां0 मनोज कुमार
7. कां0 राहुल यादव